हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

बुधवार, 24 नवंबर 2021, नगर/नोएडा, पांच प्रदेश, 21 संस्करण www.livehindustan.com वर्ष 86, अंक 279, 16 पेज+4 पेज लाइव, मूल्य ₹ 3.00, एचटी एज के साथ ₹ 4.00 एवं हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ ₹ 7.50

शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे, कहा-रोजगार, निवेश बढ़ेगा

जेवर हवाई अड्डे से नोएडा में विकास के द्वार खुलेंगे: योगी

ग्रेटर नोएडा | **वरिष्ठ संवाददाता**

जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को नोएडा पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एयरपोर्ट बन जाने से नोएडा में संभावनाओं के द्वार खुलेंगे। यह एयरपोर्ट पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों के लिए बेहतर मौका है। एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को शिलान्यास करेंगे।

रोजगार के मौके मिलेंगे: अफसरों के साथ समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में यहां 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश होगा और करीब एक लाख लोगों को रोजगार मिल सकेगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि सरकार एयर कनेक्टिविटी पर जोर दे रही है। अभी 80 जगहों के लिए फ्लाइट की सुविधा उपलब्ध है, प्रदेश में 11 और एयरपोर्ट का निर्माण चल रहा है, जिससे लोगों को काफी सहूलियत हो जाएगी।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए बेहद महत्वपूर्ण: मुख्यमंत्री मंगलवार शाम 4.18 बजे जेवर पहुंचे और शिलान्यास स्थल का दौरा किया। बाद में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश के नागरिक उड्डयन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल, सांसद डॉ महेश शर्मा, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह और सभी अफसरों के साथ बैठक की। योगी ने कहा कि यह एयरपोर्ट खासकर पश्चिमी बुलंदशहर, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर जिलों के लोगों के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका शिलान्यास करेंगे।

विपक्षी सरकारों पर निशाना: योगी ने कहा कि 30-35 वर्षों से यह मांग की जा रही थी कि जेवर में एयरपोर्ट बने पर कमजोर राजनीतिक इच्छाशक्ति के चलते यह परियोजना परवान नहीं चढ़ पाई। वर्ष 2017 में सत्ता में आने के बाद फैसला लिया कि जेवर क्षेत्र में एशिया के सबसे एयरपोर्ट का निर्माण करेंगे।

नोएडा लाइव पेज 02

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के बाद जानकारी देते हुए। • प्रेट्र

प्रदेश में पहले दो एयरपोर्ट थे अब नौ तक पहुंचे

केंद्र की उड़ान योजना के तहत प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी पर तेजी से काम हुआ है। प्रदेश में वर्ष 2017 तक केवल दो एयरपोर्ट चल रहे थे। अब यह संख्या नौ तक पहुंच गई है और 11 नए एयरपोर्ट पर काम चल रहा है। इसमें सोनभद्र, चित्रकूट, ललितपुर, आजमगढ़, श्रावस्ती, अलीगढ़, सहारनपुर, मेरठ आदि शामिल हैं। मुरादाबाद में एयरपोर्ट का निर्माण अंतिम चरण में है।

सुखद

प्रदूषण से मुक्त होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश का पांचवां इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा और किसी भी प्रकार के प्रदूषण से मुक्त होगा। एयरपोर्ट के पास ही फिल्म सिटी के निर्माण की प्रक्रिया चल रही है। इस पर बहुत बड़ा निवेश आएगा।

कवायद

डिफेंस कॉरिडोर को लाभ

प्रदेश में डिफेंस कॉरिडोर बन रहा है। इसका प्रमुख केंद्र अलीगढ़ भी है। यह इलाका जेवर एयरपोर्ट के पास है। डिफेंस कॉरिडोर भी इससे लाभान्वित होगा। एयरपोर्ट के पास मेडिकल डिवाइस पार्क, इलेक्ट्रॉनिक सिटी के साथ-साथ कार्यक्रम निवेश की दृष्टि से आगे बढ़ रहे हैं।

वार

विपक्ष का हर चीज पर दावा

मुख्यमंत्री ने विपक्षियों को भी निशाने पर लिया। कहा कि प्रदेश में एक बड़ी समस्या है। जब किसी परियोजना का लोकार्पण किया जाता है तो वे कहते हैं कि यह तो उन्होंने सोचा था। इसलिए उनको यह बताने की जरूरत है कि परियोजना का शिलान्यास होने जा रहा है। उन्हें यह भी बताया जाएगा कि परियोजना कैसे आगे बढ़ रही है।